धर्म कर्म घटता ही जाए

धर्म कर्म घटता ही जाए डोल रहा ईमान,
धर्म कर्म घटता ही जाए डोल रहा ईमान,
संकट मोचन संकट टालो करो विश्व कल्याण,
जय जय राम सिया राम बोलो राम,
जय जय राम सिया राम बोलो राम॥

सिया हरण जब हुआ सिया का पता लगाया,
लक्षमण को भी बचाने हेतु संजीवन ले आया,
इंसान के दिल में पनप रहा है देखो एक शैतान,
संकट मोचन संकट टालो करो विश्व कल्याण,
जय जय राम सिया राम बोलो राम,
जय जय राम सिया राम बोलो राम.........

राम की मुश्किल आसान करदी तुमने हर एक बार,
श्री राम का काम हर बार किया सहज स्वीकार,
इधर उधर चहु और लोग सब होने लगे बेई मान,
संकट मोचन संकट टालो करो विश्व कल्याण,
जय जय राम सिया राम बोलो राम,
जय जय राम सिया राम बोलो राम.........

लंका जला के बजरंग ने बल अपना दिखाया,
रावण को बल पे गर्व था तूने गर्व मिटाया,
बुरे का होता पतन सदा और सच्चे का उत्थान,
संकट मोचन संकट टालो करो विश्व कल्याण,
जय जय राम सिया राम बोलो राम,
जय जय राम सिया राम बोलो राम..........

धर्म कर्म घटता ही जाए डोल रहा ईमान,
धर्म कर्म घटता ही जाए डोल रहा ईमान,
संकट मोचन संकट टालो करो विश्व कल्याण,
जय जय राम सिया राम बोलो राम,
जय जय राम सिया राम बोलो राम......

स्वर : कुमार विशु

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24817/title/dharam-karam-ghat-ta-hee-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |